# विषय : सामाजिक विज्ञान                Set-A

नोट : सभी प्रश्न हल कीजिए।

निर्देश : प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है एवं खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

1. **(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(*i*) वर्साय की संधि हुई :

(*अ*) 28 जून, 1919 में  (*ब*) 28 जुलाई, 1924 में

(*स*) 20 जुलाई, 1915 में,  (*द*) 28 जुलाई, 1917 में

(*ii*) सुश्रुत कौन थे ?

(*अ*) आयुर्वेदाचार्य  (*ब*) ज्योतिषी

(*स*) गणितज्ञ  (*द*) खगोलशास्त्री

(*iii*) छत्तीसगढ़ सूचना आयोग का मुख्यालय कहाँ है ?

(*अ*) बिलासपुर  (*ब*) भिलाई

(*स*) रायपुर  (*द*) भोपाल

(*iv*) विकास की दृष्टि से भारत है :

(*अ*) अविकसित देश  (*ब*) विकसित देश

(*स*) विकासशील देश  (*द*) पिछड़ा हुआ देश

(*v*) किस राज्य में साक्षरता प्रतिशत सबसे अधिक है ?

(*अ*) केरल  (*ब*) दिल्ली

(*स*) छत्तीसगढ़  (*द*) गोवा

1. **(खण्ड-ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(*i*) यूनेस्को का प्रधान कार्यालय............में है।

(*ii*) सलवा जुडुम का अर्थ........से है।

(*iii*) खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय का प्रमुख कार्य...........है।

(*iv*) वर्ष 2011 के अनुसार भारत का औसत जनघनत्व........है।

(*v*) ...........को भारत का मैनचेस्टर कहते हैं।

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 30 शब्द है)

2. साम्राज्यवाद किसे कहते हैं ?
3. सुरक्षा परिषद् के स्थायी सदस्यों के नाम लिखिए।
4. गोदना से आप क्या समझते हैं ?
5. छत्तीसगढ़ अंचल में लोकगीतों में प्रयुक्त होने वाले प्रमुख वाद्य-यंत्रों के नाम लिखिए। (कोई *चार*)
6. श्रम-कल्याण क्यों आवश्यक है ?
7. उपभोक्ता बचत की परिभाषा लिखिए।
8. "कार्यों का विशिष्टीकरण ही श्रम-विभाजन है।" यह परिभाषा दी है ?
9. वर्तमान में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कौन हैं ?

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 50 शब्द है)

10. शीत युद्ध के किन्हीं **तीन** परिणामों का वर्णन कीजिए।
11. छत्तीसगढ़ के लोक-नृत्यों पर प्रकाश डालिए। (कोई *तीन*)
12. सामूहिक उत्तरदायित्व से आप क्या समझते हैं ?
13. उपभोक्ता बचत की धारणा, आर्थिक स्तर की तुलना करने में किस प्रकार सहायक है?
14. भारत में जनसंख्या विस्फोट के **तीन** दुष्परिणाम लिखिए।
15. श्रम-विभाजन से क्या हानियाँ होती हैं ?

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

16. स्वतंत्रता के बाद महिला सशक्तीकरण हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित किन्हीं **चार** योजनाओं की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को समझाते हुए उसे लागू करने के उद्देश्य बताइए।

17. हरित क्रांति किसे कहते हैं ? इसकी विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

खरीफ एवं रबी की फसल में कोई **चार** अंतर लिखिए।

18. **निर्माण उद्योग को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों का वर्णन कीजिए।**

**अथवा**

भिलाई में इस्पात संयंत्र के स्थानीयकरण के कारण लिखिए।

19. नाजीवाद के किन्हीं चार लक्षणों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

जापान में राष्ट्रवाद के उत्कर्ष के कोई **चार** कारण लिखिए।

20. संयुक्त राष्ट्र संघ की किन्हीं **चार** सफलताओं का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

संयुक्त राष्ट्र संघ के मुख्य उद्देश्य लिखिए।

21. भारत में मूल्य वृद्धि के कोई **चार** कारण लिखिए।

**अथवा**

बेरोजगारी निवारण के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे किन्हीं **चार** कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए।

*निर्देश* : प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 100 शब्द है)

22. "लोक सभा, राज्य सभा से अधिक शक्तिशाली है।" समझाइए।

**अथवा**

ग्राम पंचायत के कार्यों को लिखिए।

23. भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(*a*) चिल्का झील  (*b*) दिल्ली

(*c*) शिवालिक श्रेणी  (*d*) छोटानागपुर का पठार

(*e*) ताप्ती नदी

अथवा

भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को प्रदर्शित कीजिए :

(a) मन्नार की खाड़ी (b) महानदी

(c) थार का मरुस्थल (d) कान्हा किसली

(e) नीलगिरि पर्वत

24. तापीय विद्युत और जल विद्युत में अंतर लिखिए। (कोई ***पाँच***)

**अथवा**

ऊर्जा के किन्हीं **पाँच** गैर-परंपरागत साधनों को समझाइए।

25. "एशिया और अफ्रीका में साम्राज्यवाद के विकास की अनुकूल परिस्थितियाँ थीं।" समझाइए।

**अथवा**

साम्राज्यवाद के **पाँच** सकारात्मक प्रभावों का वर्णन कीजिए।

***निर्देश*** : प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 150 शब्द हैं)

26. **द्वितीय विश्व युद्ध के परिणामों को छः बिन्दुओं में समझाइए।**

**अथवा**

जर्मनी में नाजीवाद के उदय के क्या कारण थे ? छः बिन्दुओं में उल्लेख कीजिए।

27. मृदा के किन्हीं छः प्रकारों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

वनों के क्या-क्या लाभ होते हैं ? समझाइए।